PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Thursday, 16th August 2018; Page: 10
Width: 32.34 cms; Height: 12.45 cms; a3r; ID: 9.2018-08-16.84

कालाधन रखने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा : मोदी

नई दिल्ली | एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प व्यक्त करते हुए घोषणा की कि भ्रष्टाचारियों और कालाधन रखने वाले को माफ नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फर्जी लाभार्थियों का पता लगाया गया, जिससे 90,000 करोड़ रुपये की बचत हुई।

प्रधानमंत्री ने 72वें स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए ईमानदार करदाताओं का देश के विकास में योगदान करने के लिए धन्यवाद किया। अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि भाई-भतीजावाद और पक्षपात की राजनीति समाप्त हुई है और रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अपने पांचवें संबोधन में तीन लाख मुखौटा कंपनियों पर हुई कार्रवाई का जिक्र किया, जिनका उपयोग गलत तरीके से कमाए गए धन को वैध बनाने में किया जाता था।

करदाताओं की संख्या बढ़ी

कर नहीं देने वालों को कर के दायरे में लाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि करदाताओं की संख्या 3.5-4 करोड़ से बढ़कर 6.75 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद पिछले एक साल में अप्रत्यक्ष करदाताओं की संख्या 70 लाख से बढ़कर 1.16 करोड़ पहुंच गई। ईमानदारी से कर चुकाने वालों की सराहना करते उन्होंने कहा कि इसका पुण्य करदाताओं को मिलता है।

फर्जी लाभार्थियों को हटाया

कहा कि वास्तविक लाभार्थियों को सीधे लाभ देकर फर्जी लोगों को हटाया है। इससे उन छह करोड़ लाभार्थियों के नाम हटाए गए हैं जो रसोई गैस सब्सिडी, पेंशन और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं का लाभ ले रहे थे। इससे देश को 90,000 करोड़ रुपये की बचत हुई है। कहा कि मुद्रा योजना के तहत 13 करोड़ लोगों को कर्ज दिए गए। इससे रोजगार सृजन में मदद मिली है। इन 13 करोड़ लोगों में से चार करोड़ ने पहली बार कर्ज लिए।